हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)
(बसंत)(पाठ 1)(केदारनाथ अग्रवाल – वह चिड़िया जो)
(कक्षा 6)

प्रश्न अभ्यास

प्रश्न 1:
कविता पढ़कर तुम्हारे मन में चिड़िया का जो चित्र उभरता है उस चित्र को कागज पर बनाओ।
उत्तर 1:

प्रश्न 2:
तुम्हें कविता का कोई और शीर्षक देना हो तो क्या शीर्षक देना चाहोगे ? उपयुक्त शीर्षक सोचकर लिखो।
उत्तर 2:
यदि मुझे कोई और शीर्षक देना हो तो मैं इस कविता का शीर्षक प्यारी चिड़िया रखूँगा ।

प्रश्न 3:
इस कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन–किन चीजों से प्यार है ?
उत्तर 3:
चिड़िया को जुंडी के दाने , अन्न और नदी के पानी से बहुत प्यार है ।

प्रश्न 4:
आशय स्पष्ट करो

(क) रस उँडेलकर गा लेती है
उत्तर क:
कवि का यह आशय है कि चिड़िया जब जुंडी के दानों का रस पीकर प्रसन्न होती है तो ऐसा लगता है कि वह उस रस को पीकर खुशी से झूम रही है गा रही है ।

(ख)
चढ़ी नदी का दिल टटोलकर
जल का मोती ले जाती है
उत्तर ख :
जब चिड़िया भरी हुई नदी के ऊपर उड़ती है और उसके अन्दर डुबकी लगाकर उसके जल को जब पीती है तो ऐसा लगता कि वह गहरे जल का मोती निकाल कर लाई है ।